टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड में 'हिंदी पुस्तक समीक्षा प्रतियोगिता' का आयोजन

टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के कारपोरेट कार्यालय के पुस्तकालय में 08 मई, 2026 को 'हिंदी पुस्तक समीक्षा प्रतियोगिता' का समापन पुस्तकों की समीक्षा के साथ किया गया। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य अधिकारियों और कर्मचारियों में पठन-पाठन की संस्कृति को बढ़ावा देना और हिंदी साहित्य के प्रति अभिरुचि जगाना था।

यह प्रतियोगिता 20 अप्रैल, 2026 से 08 मई, 2026 तक आयोजित की गई थी। इस अवधि के दौरान कारपोरेट कार्यालय के प्रतिभागी अधिकारियों व कर्मचारियों ने पुस्तकालय से अपनी पसंद की हिंदी पुस्तकें निर्गत (issue) कराई। प्रतिभागियों ने पुस्तकों का गहन अध्ययन करने के बाद समापन अवसर पर निर्णायक मंडल के समक्ष अपनी उत्कृष्ट समीक्षाएं प्रस्तुत की।

प्रतियोगिता का मूल्यांकन क्षेत्र के दो प्रख्यात शिक्षाविदों और साहित्यकारों द्वारा किया गया जिनमें सुनील दत्त थपलियाल (प्रवक्ता, भरत मंदिर इंटर कॉलेज, ऋषिकेश) एवं श्री अशोक शर्मा (शिक्षक एवं अध्यक्ष, 'आवाज' साहित्यिक संस्था, ऋषिकेश) ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम की शुरुआत में उप प्रबंधक (राजभाषा), श्री पंकज कुमार शर्मा ने निर्णायक मंडल के सम्मानित सदस्यों को 'प्लांट' भेंट कर स्वागत किया।

प्रतियोगिता में प्रतिभागियों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली जिसमें केंद्रीय संचार विभाग की सहायक प्रबंधक, डॉ. काजल परमार ने अपने उत्कृष्ट समीक्षा कौशल की बदौलत प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, मानव संसाधन (भर्ती) विभाग की सहायक प्रबंधक, श्रीमती दवनीत कौर ने द्वितीय एवं एमपीएस विभाग के उप महाप्रबंधक, श्री प्रवीण चन्द्र थपलियाल, तृतीय स्थान पर रहे। इसके साथ ही प्रतिभागियों के उत्साहवर्धन के लिए मुख्य महाप्रबंधक (मा.सं. एवं प्रशा.) कार्यालय के उप अधिकारी श्री जी.पी. नौटियाल और मानव संसाधन एवं प्रशासन विभाग के कनिष्ठ अभियंता, श्री तरुण कुमार ने प्रोत्साहन पुरस्कार प्राप्त किया।

इस अवसर पर उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन एवं प्रशासन), श्री अनिल मुंडू, हिंदी अनुभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों सहित संस्थान के कई वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।